तापमान

अधिकतम 19 .0 डिग्री
न्यूनतम 7 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 31 जनवरी 2026



10 अमर वीर शहीदों की बदौलत ले रहे खुली...





10 विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल व प्रोजेक्ट बनाए




## खबर संक्षेप

### 01.15 किलोग्राम चरस के साथ तस्कर पकड़ा

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव करेला झमोला स्कूल के सामने व्यक्ति को काबू कर कब्जे से एक किलो 15 ग्राम चरस बरामद की है। जुलाना थाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि करेला-झमौला सरकारी स्कूल के सामने व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है।

### नाली में पानी छोड़ने को लेकर विवाद में दो घायल

**कैथल।** कलायत के कमालपुर में नाली में पानी छोड़ने को लेकर हुए विवाद में परिवार पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिला, उसका बेटा व बेटी घायल हो गए। मामले में कलायत थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्टोर का ताला तोड़कर बिजली उपकरण चोरी

**अलेवा।** बिजली निगम नगूरां एसडीओ ने अज्ञात लोगों पर स्टोर रूम का ताला तोड़ कर लाखों रूपये के बिजली उपकरण चोरी करने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत अलेवा पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नद कुमार ने अलेवा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### घर से लैपटॉप व नकदी चोरी के आरोपी दबोचे

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र में मकान से चोरी के मामले की जांच चौकी पुंडरी पुलिस के एचसी विनोद की टीम ने आरोपी सैनी मोहल्ला पुंडरी निवासी सचिन उर्फ कुकला व राहुल उर्फ पातरी को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हैबतपुर जिला जींद हाल निवासी इंदिरा कॉलोनी पुंडरी निवासी कमल ने शिकायत दी थी।

### दो लोगों से 45 लीटर अवैध शराब बरामद

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने दो लोगों से 45 लीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि गांव रसीदां निवासी विक्रम उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। उसे पास से पुलिस ने 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं गांव रसीदां निवासी रमेश उर्फ मैसा के पास से भी पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

### प्लाट विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**कैथल।** कैथल की जनकपुरी कालोनी में बुधवार को दोपहर उस समय हड़कंच मच गया जब प्लाट को लेकर हुए विवाद में लाठी, डंडे व बिंडो से लैस करीब डेढ दर्जन युवकों ने कालोनी में बैठे युवकों पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि गांव हथो के जतिन, अजय व निर्मल के साथ अपनी थार गाडी में सवार होकर अपने पिता के पुराने प्लाट पर आए थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**जींद।** उचाना मंडी से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव उचाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 19 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### खेत में लगे 5 ट्यूबवेलों से बिजली के तार चुराए

**कैथल।** सीवन में चोरों ने खेत में लगे 5 ट्यूबवेलों से बिजली के तार चोरी कर लिए। मामले में सीवन थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दी शिकायत में सीवन निवासी यशपाल राणा ने बताया कि वह दो भाइयों के साथ मिलकर खेती करता हैं।

# अभिभावक-अस्पताल स्टाफ में बच्चे के उपचार को लेकर तीखी नोकझोंक

## अभिभावकों का आरोप: अच्छे से केयर नहीं हो रही थी, सोशल मीडिया पर डाला वीडियो, देर शाम हटाया

**नागरिक अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के एसएनसीयू (न्यू बोरन केयर यूनिट) वार्ड में अभिभावक और अस्पताल स्टाफ के बीच बच्चे के उपचार को लेकर शुक्रवार सुबह तीखी नोकझोंक हुई है। इस दौरान अभिभावक स्टाफ पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगा थे। इस नोकझोंक का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला गया। हालांकि बाद में इस वीडियो को हटा भी दिया गया। स्वास्थ्य प्रशासन ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है।



नागरिक अस्पताल का एसएनसीयू वार्ड, जहां स्टाफ व अभिभावक में खींचतान हुई।

यह है मामलाः एक नवजात शिशु के अभिभावक बच्चे को देखने के लिए नागरिक अस्पताल के पुरानी बिल्डिंग स्थित एसएनसीयू वार्ड में पहुंचे। यहां बच्चे की अच्छे से केयर न होते देख स्टाफ पर आरोप लगाने लगे। परिजन उपचार में ढिलाई देख नवजात को निजी अस्पताल ले जाने लगे तो स्टाफ का कहना था कि बच्चे की हालत को देखते हुए अभी डिस्चार्ज करना उचित नहीं है और कुछ जरूरी प्रक्रियाएं या ऑब्जर्वेशन बाकी हैं। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच बहस तेज हो गई, जो जल्द ही खींचतान में बदल गई।

**इलाज में बाधा पहुंचाने पर पुलिस को शिकायत**

नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि नवजात को लेकर अभिभावकों ने स्टाफ से बहस की और इलाज में बाधा पहुंचाई। उनके खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। वह लोग यहां से बच्चे को लेकर जाने वाले थे लेकिन हमने उनको रोक दिया था।

**गलत व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा**

अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्टाफ ने ही उन्हें निजी अस्पताल में अपने बच्चे को ले जाने की बात कही। इस पूरी घटना का वीडियो भी बना। जिसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया। जिससे विवाद और बढ़ गया। वीडियो में अभिभावकों और स्टाफ के बीच गर्मागर्म बहस थी। हालांकि बाद में इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा दिया गया। अभिभावक भी मौके से चला गया। नागरिक अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। अस्पताल ने इस घटना की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस को दी है ताकि जांच हो सके और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का कहना है कि एसएनसीयू जैसे संवेदनशील वार्ड में मरीजों की सुरक्षा और प्रोटोकॉल का पालन सबसे महत्वपूर्ण है और किसी भी तरह की जबरदस्ती या गलत व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



राजौंद। मुख्य मार्ग पर पलटी ई-रिक्शा को निकालते लोग। फोटो :हरिभूमि

# जलनिकासी न होने से गड्ढों में ई-रिक्शा पलटी

## चालक सहित सवारियां बाल-बाल बचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के मुख्य मार्ग पर सड़क पर बने गहरे गड्ढे में भरे पानी के कारण एक ई रिक्शा पलटने से चालक व एक महिला व बच्चा बाल बाल बच गए। गनीमत यह रही कि मौके पर खड़े लोगों ने तुरंत ही रिक्शा को उठा लिया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। टेंपो चालक ने बताया कि वह एक महिला व बच्चे को बिठाकर जा रहा था दादा खेड़े वाली गली के पास पहुंचते ही सड़क पर बनी गहरी खाई में भरे पानी में उसकी ई रिक्शा पट गई लेकिन कीमत रहे की मौके पर खड़े दुकानदारों व एक पुलिसकर्मी ने जल्दी से उठा दिया जिससे वह नीचे आने से बाल-बाल बच गए। उसने कहा की सड़क का इतना बुरा हाल है कि कोई वाहन कब पलट जाए पता ही नहीं चलता। क्योंकि गहरे गड्ढों में पानी भरने से पता ही नहीं चलता। इस सड़क पर हर दिन हादसे हो रहे हैं। बता दें कि राजौंद में असंध कैथल मुख्य मार्ग पर पिछले कई दिनों से बरसात के बाद हालात बद् से बद्तर बने हुए हैं। जिससे सड़क पर जाम लगना वाहन धंसना आम बात बनकर रह गई है। हालांकि विभाग ने समाचार पत्रों में छपी खबर के बाद मिट्टी व रोड़ा डालना शुरू कर दिया है। लेकिन अभी तक भी पूरी तरह रास्ता नहीं बन पाया। जिससे आए दिन कई बार ऐसी घटनाएं घट रही हैं।

## कई महीनों से शिकायतों के बावजूद विभाग की लापरवाही जारी

# शिवपुरी कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था ठप, जताया विरोध

## समय पर कार्रवाई नहीं तो आंदोलन को और व्यापक रूप देने का ऐलान

**सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना रोड स्थित शिवपुरी कॉलोनीवासियों ने जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के कार्यालय पर शुक्रवार को धरना दिया गया। धरने का नेतृत्व सीपीआईएमएम नेता रमेश चंद्र ने किया। इस गंभीर समस्या को जनता के मूलभूत अधिकारों से जोड़ते गंभीरता से लिया और कॉलोनीवासियों के साथ मिलकर उनकी लड़ाई को मजबूती प्रदान की। कहा कि लंबे समय से शिवपुरी कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। जिसका मुख्य कारण निकटवर्ती पशुओं की डेयरी से निकलने वाला गोबर है जो नियमित रूप से सीवर लाइनों में डाला जा रहा है। इससे पाइप ब्लॉक हो जाते हैं। गंदा पानी गलियों में भर जाता है। दुर्गंध फैलती है और जलजनित बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। कई महीनों से शिकायतों के बावजूद विभाग की लापरवाही जारी रही। जिसके खिलाफ पार्टी ने निवासियों को संगठित किया और यह धरना आयोजित किया। रमेश चंद्र कहा कि यह केवल एक कॉलोनी की समस्या नही बल्कि पूरे क्षेत्र में स्वच्छता, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के अधिकार की लड़ाई है। सरकार और विभाग की जिम्मेदारी है कि जनता को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करे। उन्होंने कॉलोनीवासियों को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे पर लगातार संघर्ष जारी रखेंगे और यदि विभाग समय पर कार्रवाई नहीं करता तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

धरने को देखते हुए विभाग के जूनियर इंजीनियर जेई अरविंद ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने डेयरी मालिक के पुत्र को स्पष्ट चेतावनी दी कि सीवर में गोबर डालना अवैध है और इसे तुरंत बंद किया जाए। अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। जेई ने मौके पर ही सीवर लाइनों को खुलवाया और ओवरफ्लो की समस्या को कुछ हद तक नियंत्रित किया।



जींद। मांगों को लेकर धरना देते कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि

**जल्द होगा स्थायी समाधान**

विभागीय अधिकारियों ने लिखित एवं मौखिक आश्वासन दिया कि आज ही मशीनों की सहायता से सीवरेज की पूरी सफाई करवाई जाएगी तथा समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। कालोनीवासियों ने चेताया कि यदि चार दिनों के भीतर सीवरेज की पूर्ण सफाई नहीं हुई, गोबर डालने की प्रथा पर प्रभावी रोक नहीं लगी और समस्या का स्थायी निराकरण नहीं हुआ तो वे पुनः मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा आंदोलन को और तेज करेंगे। इस मौके पर कपूर सिंह, पवन कुमार, संदीप जाजवान, शिवपुरी कॉलोनी से रोशनी, आरती, बरसाती, सुमन, कमलेश आदि शामिल हुई।

**निजी बस संचालकों पर कार्रवाई की मांग**

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य रोहन सैनी ने जींद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्ल्यू) डा. जसवीर सुरा एवं आरटीए अधिकारी से प्राइवेट बसों की बढ़ती मनमानी और विशेष रूप से छात्राओं के साथ हो रहे दुव्यवहार को लेकर गंभीर चर्चा की। रोहन सैनी ने कहा कि दिन-प्रतिदिन जींद जिले में प्राइवेट बस संचालकों की गुंडागर्दी बढ़ती जा रही है। जिसका सीधा असर विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं की सुरक्षा पर पड़ रहा है। विश्वविद्यालय अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लों कहा कि बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं प्रतिदिन गांवों से जींद विश्वविद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिए प्राइवेट बसों से यात्रा करने को मजबूर हैं। बस संचालकों द्वारा मनमाना किराया वसूला जा रहा है, निर्धारित स्टॉपेज पर बसें नहीं रोकी जाती और कई बार छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और प्रशासन की लापरवाही को दर्शाती है। एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने डीएसडब्ल्यू डा. जसवीर सुरा से आग्रह किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस विषय में परिवहन विभाग के साथ समन्वय बना कर ठोस कदम उठाए। वहीं आरटीए अधिकारी से बातचीत में उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाली प्राइवेट बसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएए ताकि छात्रों को सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा सुविधा मिल सके। एबीवीपी नगर कार्यालय मंत्री मयंक बंसल ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि जल्द ही प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी पर रोक नहीं लगाई गई और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नही की गई तो एबीवीपी को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। संगठन ने चेतावनी दी कि आने वाले समय में हरियाणा सरकार के खिलाफ जिले भर में पुतला दहन किया जाएगा।

### मुनाफे का झांसा देकर 20 लाख रुपये हड़पे

**जींद।** टैगो एप्लीकेशन में मुनाफे का झांसा देकर 20 लाख रुपये हड़पने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने वालीवुड अभिनेत्री भूमिका मीरचंदानी, मिस्टर हरियाण विकास गुलिया समेत 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सैक्टर 11 निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाई 2025 में उसका संपर्क समीर अग्रवाल तथा उसके साथियों से हुआ। आरोपितों ने बताया कि उन्होंने नई एप्लीकेशन टैगो लांच की है। जिसमे निवेश करने पर अच्छा खासा मुनाफा होगा। जिस पर उसने एप्लीकेशन को डाउनलोड कर लिया और उसे आईडी बना कर दे दी गई। जिसमे उसने निवेश करना शुरू कर दिया। आईडी के वायलेट मे मुनाफा भी अच्छा दिखाया गया।

# नाला निर्माण में लाखों के घोटाले का आरोप

**पार्षद प्रतिनिधि ने अधिकारियों पर लगाए मिलीभगत के आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

नगरपालिका चीका में नाले के निर्माण कार्य को लेकर बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। वार्ड नंबर 6 के पार्षद प्रतिनिधि संभालू जिंदल ने नगर पालिका के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते मुख्यमंत्री विंडो में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नाले के निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताएं की गई हैं, जिससे सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। शिकायत के अनुसार, नगरपालिका चीका के कनिष्ठ अभियंता (जे.ई.) खुशी राम और म्यूनिसिपल इंजीनियर (एम.ई.) राजेश कुमार ने नाले के निर्माण कार्य में गंभीर घपले किए हैं। पार्षद प्रतिनिधि ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि नगरपालिका चीका के वार्ड नंबर 6 में मुख्य बाजार देवी लाल पार्क रोड पर मोनू से सीटी मॉल तक नाले को ढकने और सौंदर्यीकरण का कार्य द अमन को-ऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन सोसाइटी लिमिटेड को आवंटित किया गया था।

आरोप है कि संबंधित सोसाइटी द्वारा मौके पर कोई भी वास्तविक पूरा कार्य नहीं किया गया, बल्कि केवल कागजों में खानापूर्ति की गई। इसके बावजूद, नगरपालिका के जे.ई. और एम.ई. ने एजेंसी से मिलीभगत कर लाखों रुपये के फर्जी बिल बनाकर उनका भुगतान कर दिया। पार्षद प्रतिनिधि का कहना है कि जब उन्होंने नाले के निर्माण कार्य को लेकर जेई और एमई से जानकारी मांगी, तो अधिकारियों ने टालमटोल रवैया अपनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि ये अधिकारी जमीनी स्तर पर कोई विकास कार्य नहीं करते, बल्कि फर्जी बिलों और नोटिंग के माध्यम से नगरपालिका से करोड़ों रुपये की निकासी कर चुके हैं। सबसे अहम और चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि टेंडर तो 5बार्ड के नाम से लगाया गया था, जबकि कार्य को 6 बार्ड में दर्शाकर लाखों रुपये का चूना सरकार को लगाया गया।

**सख्त कार्रवाई की मांग**

पार्षद प्रतिनिधि ने मांग की है कि द अमन को-ऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन सोसाइटी लिमिटेड के कार्यों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए, साथ ही जे.ई. खुशी राम और एम.ई. राजेश कुमार के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में नगरपालिका में होने वाले इस प्रकार के भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# विदेश में 2 युवकों को बंधक बनाकर फिरौती मांगने के आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विदेश में 2 युवकों को बंधक बनाकर फिरौती मांगने के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश की अगुवाई में एएसआइ तरसेम कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जालंधर पंजाब निवासी हरीश उर्फ हैप्पी उर्फ गोपाल को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी उपासना ने बताया कि 7 सितंबर 2025 को गांव सिसला निवासी सोमिल सिंह तथा गांव छात्तर जिला जींद निवासी नवीन मोर आस्ट्रेलिया जाने के लिए जयपुर एयरपोर्ट से शारजहाँ होते हुए तेहरान एयरपोर्ट से कोनार्ट एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। तेहरान व कोनार्ट ईरान देश के इस्लामिक एरिया है। जिन एरिया में पाकिस्तान के आपराधिक किस्म के व्यक्ति आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। जो कोनार्ट एयरपोर्ट से घटना को अंजाम देने वाले व्यक्तियों ने उनको पिक कर लिया। उन लडको व उनके वारसान को कहा गया था कि कोनार्ट में दो दिन का स्टे करना होगा तथा उसके बाद आपकी आस्ट्रेलिया जाने की व्यवस्था कर दी जायेगी। पीड़ित सोमिल व नवीन मोर उपरोक्त व उसके परिजनो के पास आरोपीगण द्वारा तैयार किया हुआ ऑस्ट्रेलिया का नकली वीजा भी भेज दिया गया था।

# सबूत कमजोर पड़ने पर दो नशा तस्कर आरोपित बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वर्ष 2019 में सीवन थाना क्षेत्र में दर्ज 80 किलो से अधिक डोडा पोस्त बरामदगी मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं मोहित अग्रवाल की एनडीपीएस अदालत ने पुलिस जांच में खामियां पाते दो आरोपियों को बरी कर दिया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अजय कुमार गुप्ता और अर्पित गुप्ता की प्रभावी पैरवी इस फैसले में निर्णायक साबित हुई। मामले के अनुसार 24 जुलाई 2019 को पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक में डोडा पोस्त की खेप लाई जा रही है।

**80 किलो डोडा पोस्त पकड़ा था**

सूचना के आधार पर गांव खानपुर के पास नाका लगाकर ट्रक नंबर को रोका गया। तलाशी पर प्याज की बोरियों के नीचे छिपाए चार बैग बरामद हुए, जिनमें 80 किलो 400 ग्राम डोडा पोस्त पाया। गुरमीत सिंह और बूटा सिंह को गिरफ्तार किया, जबकि तीसरा आरोपी गोबिंद सिंह बाद में फरार घोषित किया। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में पुलिस अधिकारियों सहित कई गवाह पेश किए, सुनवाई के दौरान गवाहों के बयानों में विरोधाभास सामने आए। बरामदगी की प्रक्रिया, वजन करने के तरीके और घटनास्थल पर पुलिस की मौजूदगी को लेकर अलग-अलग बयान दिए गए।

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के इंजन की टेस्टिंग दूसरे दिन भी रही जारी

# तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश की पहली हाइड्रोजन टेन के इंजन की भंभेवा स्टेशन पर ट्रायल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। भंभेवा स्टेशन पर ट्रेन के इंजन की टेस्टिंग का काम पूरा होने के बाद शनिवार को वापस जींद लाया जा सकता है। शनिवार तक टेस्टिंग का कार्य पूरा होने की उम्मीद है। यदि कंपन हुई तो इंजन की रफ्तार और ज्यादा बढ़ाने के लिए इस पर काम किया जाएगा। टेस्टिंग में इंजन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की जा रही है। इसी कारण इस परियोजना को लेकर रेलवे प्रशासन काफी सतर्कता बरत रहा है। सफल ट्रायल के बाद हाइड्रोजन ट्रेन को नियमित संचालन की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया जाएगा। उम्मीद है कि यह ट्रायल पूरी तरह सफल रहेगा और आने वाले समय में हाइड्रोजन ट्रेन यात्रियों के लिए एक नई और सुरक्षित सुविधा साबित होगी। रेलवे के अनुसार कंप्यूटर में ट्रेन का पूरा डाटा अपडेट है। इंजन में कहीं पर भी थोड़ी सी तकनीकी कमी आने के बाद एंटीना के माध्यम से फोल्डर खोल कर खामी को दूर कर दिया जाएगा। एंटीना के साथ कंप्यूटर अधिकारियों के पास लैपटॉप में उनके काम आने वाले पांच बाक्सों अन्य उपकरण हैं। वहीं बिजली की समस्या नहीं आए, इसके लिए इंजन की फ्रीक्वेंसी जांच के लिए एक जनरेटर भी लगाया गया है। इसके साथ में बिजली को संग्रहण करने के लिए यूपीएस भी लगाया है। फ्रीक्वेंसी जानने वाली टीम सुबह सवा सात बजे सोनीपत से ट्रेन में सवार होकर भंभेवा पहुंच गई थी। गौरतलब है कि वीरवार को जींद जंक्शन से डीजल इंजन की मदद से हाइड्रोजन ट्रेन के इंजन को भंभेवा लाया गया है। यहां तीन दिन तक इंजन की ट्रायल होगी।



**नियमों का पालन करने की अपील**

हाइड्रोजन इंजन को एक दूसरे डीजल इंजन से जोड़कर सुरक्षित तरीके से भंभेवा स्टेशन तक पहुंचाया गया। यह पूरी प्रक्रिया तय मानकों के तहत की गई ताकि किसी प्रकार की तकनीकी या सुरक्षा संबंधी परेशानी नहीं हो। ट्रायल के दौरान आसपास के रेलवे ट्रैक, सिग्नल व्यवस्था और स्टेशन परिसर की भी जांच की जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय स्टाफ को आवश्यक दिशा व निर्देश दिए गए हैं। रेलवे ने आम लोगों से भी अपील की है कि ट्रायल के समय रेलवे ट्रैक के आसपास न जाए और नियमों का पालन करें।

## खबर संक्षेप

### शैक्षणिक ऑडिट का सफल आयोजन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में समाजशास्त्र विभाग में शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शैक्षणिक ऑडिट का सफल आयोजन किया गया। यह शैक्षणिक ऑडिट विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। ऑडिट प्रक्रिया हेतु समाजशास्त्र विषय के दो प्रतिष्ठित बाह्य विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया।

### सौलह लोगों को सैन रतन अवार्ड मिलेगा

**जींद।** समाज सेवा, सामाजिक जागरूकता और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय राह ग्रुप फाउंडेशन ने सैन समाज के लिए एक सराहनीय पहल करते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 16 प्रतिष्ठित हस्तियों को सैन रतन अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है।

### दो मकानों के ताले तोड़ लाखों की नकदी चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने स्थानों पर दो मकानों के ताले तोड़ कर जेवर, नकदी समेत लाखों का सामान चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भटनागर कालोनी निवासी गीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटियों से मिलने करनाल गई थी। चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 35 हजार रुपये की नगदी, सोने व चांदी के जेवरात तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### इग्नू में 31 जनवरी तक दाखिला-री रेजिस्ट्रेशन

**जींद।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मपाल ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने जनवरी 2026 सत्र में दाखिले चल रहे है। इच्छुक छात्र व छात्राएं 31 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। इस तिथि तक विद्यार्थी सभी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड और ऑनलाइन मोड में उपलब्ध कोर्सों में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### राज्य पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के निदेशक के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों, श्रेष्ठ ग्राम पंचायतों और श्रेष्ठ स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए राज्य पुरस्कार 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पोर्टल आगामी पांच फरवरी तक खुला रहेगा।

### घोघड़िया में भाईचारा मिलन समारोह 8 को

**उचाना।** बीते विस चुनाव में प्रदेश की हॉट सीटों में शुमार उचाना हलके से आजाद उम्मीदवार के तौर पर तीसरे नंबर पर रहे मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र घोघडिय़ा द्वारा आठ फरवरी को भाईचारा मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वीरेंद्र घोघडिय़ा ने बताया कि घोघडिय़ा गांव में आयोजित होने वाले भाईचारा मिलन समारोह को लेकर हलके के प्रत्येक गांव में जाकर निमंत्रण वो दे चुके है।

### मांडी कलां में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

**उचाना।** आयुष विभाग हरियाणा योग आयोग तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी जींद डा. अमित रोहिल्ला, योग स्पेशलिस्ट डा. गोविंदा, जिला योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश के निर्देशानुसार राजकीय उच्च विद्यालय मांडी कलां में योग एवं सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन किया।

### अधिनियम रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**जींद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की बरसी पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की जींद लोकल कमेटी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एमजी नरेगा की पूर्ण बहाली एवं विकसित भारत गारंटी का रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी रामजी को रद्द की मांग को लेकर लघु सचिवालय के पास धरना दिया। इसकी अध्यक्षता पार्टी नेता इंद्र सिंह ने की।

---

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देकर किया नमन

# अमर वीर शहीदों की बदौलत ले रहे खुली फिजा में सांस : जाखड़

*दो मिनट का मौन रख कर दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि*

**लघु सचिवालय में शहीदों के प्रति कृतज्ञता-सम्मान व्यक्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर तथा भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप शुक्रवार को जिला में विभिन्न स्थानों पर दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार बलराम जाखड़, डीएसपी संदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। लघु सचिवालय परिसर में मौन धारण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया।

इस अवसर पर जींद के नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ ने कहा कि यह आयोजन केवल उन वीर बलिदानियों की स्मृति को ताजा करने का माध्यम नही है बल्कि देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को भी प्रबल करने का एक सशक्त अवसर है। लघु सचिवालय परिसर में मौन धारण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि आज अगर हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं तो यह उन्हीं वीर शहीदों की देन है। जिन्होंने अपने स्वार्थ से ऊपर उठ कर राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।


जींद। महात्मा गांधी को नमन करते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि


जींद। मौन रख कर श्रद्धांजलि देते अधिकारी व कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

लघु सचिवालय के अलावा पटियाला चौक, देवीलाल चौक व जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और सार्वजनिक स्थलों पर भी लोगों ने दो मिनट का मौन रख कर अमर बलिदानियों को नमन किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान विकास लोहान, वकील बलराज श्योराण, संजीत मलिक, देवेंद्र, दीपक सैनी, अर्जुन सिसोदिया, कैलाश चन्द मौजूद रहे।

#### राष्ट्रपिता का जीवन देश सेवा का प्रतीक

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जुलाना में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और देश सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया।

---


जींद। ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## महात्मा गांधी के विचारों को अपनाने के लिए किया प्रेरित

- हिंदू कन्या कालेज में राष्ट्रपिता की 78वीं पुण्यतिथि पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय था महात्मा गांधी एक अक्षय प्रेरणा। कार्यशाला के प्रारंभ में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। जिसके दौरान सभी प्रतिभागियों ने महात्मा गांधी और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कार्यशाला का प्रारंभ किया गया। जिसमें कुल 68 छात्राओं ने भाग लिया। जिन्होंने महात्मा गांधी के जीवन और उनके विचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला का संचालन डा. रश्मि मलिक इतिहास विभागाध्यक्षा द्वारा किया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. सुषमा हुड्डा ने एक प्रेरणा स्त्रोत के रूप में आकर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई। इस कार्यशाला की प्रथम रिसोर्स पर्सन डा. पुष्पा अध्यक्षा इतिहास विभाग बाबू अनंतराम जनता कॉलेज कौल कैथल ने अपने वक्तव्य में महात्मा गांधी जी के लगभग संपूर्ण जीवन के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया। वर्तमान में आत्मनिर्भरता, स्वदेशी, चरित्र निर्माण, समाज और राष्ट्र के कल्याण में योगदान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तृत चर्चा करते बच्चों को लाभांवित किया। इस कार्यशाला की द्वितीय रिसोर्स पर्सन डा. रेणु बलियान अध्यक्षा इतिहास विभाग, कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन करनाल ने गांधीजी के सत्य को सबसे बड़ा हथियार बताते अहिंसा, सत्याग्रह, स्वराज, सर्वोदय, स्वशासन, धर्म और मानवता आदि विषयों पर अपने विचार रखते हुए गांधी जी द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान, उनकी पुस्तकों एवं गांधीवादी दर्शन पर भी विस्तृत चर्चा की।

---



जींद। प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### मोतीलाल स्कूल में राष्ट्रपिता को किया याद

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्रांगण में शहीदी दिवस के पावन अवसर पर देशभक्ति, इतिहास बोध एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया । इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हमारे महान शहीदों के जीवन, उनके बलिदान, राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण तथा स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत कराना था ताकि छात्र व छात्राओं में देशप्रेम, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना का विकास हो सके। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में अत्यंत सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता को कक्षा एवं वर्ग के अनुसार विभाजित किया । जिससे सभी विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सके। आयोजन में कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह आत्मविश्वास और ज्ञान का परिचय देते सक्रिय सहभागिता निभाई। यह क्विज प्रतियोगिता सामाजिक अध्ययन की अध्यापिका पूजा अग्रवाल के द्वारा करवाई गई। सभी उपस्थित शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महात्मा गांधी जी को नमन किया।

## देश को स्वतंत्र करवाने में महात्मा गांधी का विशेष योगदान : रिषिपाल हैबतपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जींद कोर्ट परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार हमला बोला। कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और प्रतिमा के समीप ही एक दिवसीय उपवास रखकर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का योगदान केवल इतिहास नही बल्कि हर भारतीय की चेतना में रचा बसा सत्य है। कहा कि गांधीजी ने सत्य, अहिंसा और त्याग के बल पर अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी और करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता की राह पर एकजुट किया। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज की भाजपा सरकार गांधीजी के नाम और उनके विचारों से ही नफरत करती है। रिषिपाल हैबतपुर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी के नाम से बनी ऐतिहासिक योजना मनरेगा से गांधी शब्द हटाकर अपनी संकीर्ण सोच का परिचय दिया है। कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नही बल्कि गांधीजी के उस सपने का प्रतीक थी।


जींद। मां जयंती देवी मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### मां जयंती के दरबार में कन्या महापूजन आज

**जींद।** गुप्त नवरात्रों में 39 साल पहले नौ कन्याओं से जो पूजन शुरू हुआ था, वह अब हजारों की तादाद में पहुंच गया है। श्रद्धा का यह कारवां इस कद्र फलीभूत हुआ कि जींद के महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर में देश-प्रदेश से श्रद्धालु कन्या पूजन के महा समागम में पहुंच कर अपनी अर्जी लगाते हैं। पिछले वर्ष जहां 11 से 13 हजार कन्याओं का पूजन हुआ था, वहीं इस वर्ष भी 11 हजार कन्याओं के पूजन का संकल्प लेकर जो श्रद्धालु निकले हैं, उसके नतीजन ज्यादा कन्याओं के महापूजन की तस्वीर उभर कर सामने आने लगी है। इस भव्य कार्यक्रम की व्यवस्था में जुटे प्रमुख श्रद्धालुओं के दावों के लिहाज से मां जयंती के दरबार में 31 जनवरी को करीब 13 हजार कन्याओं का पहुंचना लगभग तय है। कन्याओं को 128 स्कूलों से अधिक बसों में लाने और वापिस छुड़वाने की व्यवस्था को देख रहे सुनील शांडिल्य और सागर कौशिक ने कहा कि जिस तरह से सूची लंबी हो रही है, उसके नतीजन इस बार 13 हजार कन्याएं मंदिर प्रांगण में पहुंच कर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगी।

#### खाटू श्याम मंदिर में मनाया द्वादशी पर्व

**उचाना।** खापड़ गांव स्थित खाटू श्याम मंदिर में द्वादशी का पर्व मनाया गया। आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालुओं ने पहुंच विधि विधान से पूजा अर्चना कर मनोकामना पूर्ति की कामना की। बाबा के भजनों पर मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु झूमते नजर आए। मुख्य रूप से भाजपा कसूहन मंडल संयोजक संदीप चहल बड़ौदा, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा पहुंचे। मंदिर परिसर में लगे भंडारे में 51 हजार रुपये सहयोग देने के साथ-साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के माध्यम से मंदिर का भव्य गेट निर्माण कराने की घोषणा भी की। द्वादशी पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया। माघ माह की द्वादशी पर यहां मेला लगता है। चहल ने कहा कि सच्चे मन से पूजा, अर्चना करने से खाटू श्याम बाबा मनोकामना पूरी करते हैं। हारे का सहारा भी उन्हें कहा जाता है। निरंतर समय-समय पर पूजा, अर्चना कर मंदिर वो आते रहते है। श्रृंगार सेवा समिति की तरफ से भंडाराए सेवा सेवक समिति की तरफ मेले की देखरेख व्यवस्था बनाई गई।


संदीप चहल, सुरेंद्र खरकभूरा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।


उचाना। लाभार्थियों को चैक देते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

#### 32 लाभार्थियों को 16 लाख के चेक बांटे

**उचाना।** केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम डीएचबीवीएन कार्यालय में सब्सिडी चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उचाना क्षेत्र के 13 गांवों के 32 लाभार्थियों को करीब 16 लाख रुपये की सब्सिडी राशि के चेक वितरित किए। मुख्यअतिथि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री रहे। विधायक ने कहा कि चेक वितरण के उपरांत विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना गरीबए मध्यम वर्ग और किसानों के जीवन में आर्थिक समृद्धि की मजबूत आधारशिला बन रही है। यह योजना देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के साथ आम नागरिकों को बढ़ते बिजली खर्च से राहत दिला रही है। सोलर पैनल लगवाने वाले परिवारों को अब नाममात्र का बिजली बिल देना पड़ रहा है जिससे उनकी मासिक बचत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन का साकार रूप है जिसके तहत हर घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर स्वच्छ और नवीनीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप



### सूर्य नमस्कार स्वास्थ्य के लिए लाभकारी : अमित

**जींद।** स्थानीय लघु सचिवालय के प्रांगण में शुक्रवार को हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। इस दौरान आयुष विभाग के योग सहायक नवनीत व योग सहायिका नीलम व ज्योति के नेतृत्व में सूर्य नमस्कार की क्रियाएं करवाई। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला द्वारा उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित रूप से इस अभ्यास को करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कहा कि सूर्य नमस्कार संपूर्ण शरीर के लिए एक उत्तम शारीरिक व मानसिक व्यायाम है जो सांसों की लय के अनुसार शरीर के आकुंचन और प्रसारण को करने से शरीर में रक्त संचालन तथा शरीर की मांसपेशियों में लचीलापन पैदा कर उनके कार्य में सुधार करता है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार करने से तनाव रहित रहा जा सकता है। नियमित सूर्य नमस्कार अभ्यास तनाव को कम करता है।



### मेकअप से जुड़ी बारीकियों को प्रायोगिक रूप से समझाया

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना के महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीन दिवसीय सेल्फ मेकअप कोर्स का शुभारंभ आज किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. मीनू सिंह द्वारा किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिन करनाल से आई प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट युविका ने छात्राओं को आत्म सौंदर्य से संबंधित विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक डा. मीना महिला प्रकोष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्राओं में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने बताया कि आज के समय में स्वयं को सुसज्जित करने की सही जानकारी होना प्रत्येक युवती के लिए आवश्यक है। मेकअप आर्टिस्ट युविका ने बेस मेकअप, स्किन केयर, डेली और पार्टी मेकअप से जुड़ी बारीकियों को प्रायोगिक रूप से समझाया तथा छात्राओं के प्रश्नों का समाधान भी किया। छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### बेटी बचाओ और पढाओ की शपथ दिलाई

**अलेवा।** प्रदेश सरकार व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार पीएचसी नगूरां की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओ कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांवों से आई आशा वर्करों व कर्मचारियों को बेटी बचाओ-बेटी पढाओ की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। आशा वर्कर को जागरूक करते स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान की शुरूआत 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत जिले से हुई थी। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक ने बेटियां है घर की शान, पढेंगी तो बनेगा देश महान नामक स्लोगनों से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को शिक्षित, बालिकाओं को शोषण से बचाना, भ्रूण हत्या रोकना, गर्भपात, विवाहिता यौन उत्पीडन, सामाजिक व वित्तिय रूप से समृद्ध बनाना है। इस अवसर पर महिला सुपरवाइजर पुष्पावती के अलावा अनेक स्वास्थ्य कर्मचारियों समेत सुनिता दलाल, जुगेश, सीमा, प्रीति, बाला, रोशनी, रीनू, अमित, पूनम, मुकेश आदि आशा वर्कर उपस्थित थी।

### बुराडेहर की आंगनबाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम

**जुलाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बुराडेहर गांव की आंगनबाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी संतोष यादव ने की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं व अभिभावकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सामुदायिक लामबंदी एवं सामाजिक कुरीतियों में परिवर्तन विषय पर प्रस्तुति दी गई जिससे लोगों को बेटियों के महत्व और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल अधिकारों मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित योजनाओं, जैसे पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड लेबर, चाइल्ड मैरिज, चाइल्ड बेगार, 100 दिवसीय अभियान, बाल विवाह मुक्त भारत और साइबर क्राइम के प्रति विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली और हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में भी बताया गया। महिलाओं को डायल 112 और 1098 जैसी आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी।

---

### नव दुर्गा स्कूल में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का किया आयोजन

# विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल व प्रोजेक्ट बनाए

- बच्चे हमारे देश का भविष्य , इन्हीं में से कोई न कोई कल का वैज्ञानिक होगा : चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय नव दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान व कला प्रदर्शनी में नगर परिषद की वाइस चेयरमैन अर्चना शर्मा मुख्यअतिथि रही। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के विभिन्न विषयों जैसे मानव हृदय संरचना, श्रीराम मंदिर आयोध्या, आधुनिक कंप्यूटर तकनीक, श्वसन तंत्र, ज्वालामुखी विस्फोट, सोलर सिस्टम, रॉकेट तथा अन्य विषयों पर मॉडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न प्रकार के एक्सपेरिमेंट करके दिखाए। अध्यापकों ने विद्यार्थियों की मॉडल व प्रोजेक्ट बनाने में बहुत सहायता की।


जींद। मॉडल का अवलोकन करते शिवनारायण शर्मा। फोटो :हरिभूमि

इस विज्ञान व कला प्रदर्शनी में कक्षा छह से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान की नई-नई तकनीक, नए आइडिया के बारे में बताया तथा विभिन्न एक्सपेरिमेंट भी दिखाए। इस विज्ञान व कला प्रदर्शनी के बारे में विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनू शर्मा (वृंदा शर्मा) व चेयरमैन शिव नारायण शर्मा ने कहा कि सभी विद्यार्थियों में इस विज्ञान व कला प्रदर्शनी को लेकर बहुत ही उत्साह है सभी विद्यार्थियों ने बहुत मेहनत की है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। इन्ही में से कोई न कोई कल का वैज्ञानिक होगा। प्रधानाचार्या सोनू शर्मा (वृंदा शर्मा) व चेयरमैन शिव नारायण शर्मा ने कहा कि समय- समय पर ऐसी प्रदर्शनी व कार्यक्रम होते रहने चाहिए ताकि बच्चों को हौंसला बढ़े तथा वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करे। इस कार्यक्रम की मुख्यअतिथि अर्चना शर्मा ने विद्यार्थियों की बहुत तारीफ की। उन्होने विद्यार्थियों की सराहना करते कहा कि सभी विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक मॉडल व प्रोजेक्ट बनाए हुए हैं। उन्हें इस प्रदर्शनी को देखकर बहुत खुशी हुई। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजेंद्र मुद्गिल, सुभाष शर्मा, सोनू ढांडा, जोगिन्द्र बंसल, सभी विद्यार्थियों के परिजन आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## समीक्षा बैठक में डीसी ने सुनीं समस्याएं

**कैथल।** शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में डीसी अपराजिता की अध्यक्षता में समाधान शिविर की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों पर चर्चा की गई और अधिकारियों को इनके त्वरित निपटान के निर्देश दिए गए। इससे पहले चंडीगढ़ से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सीजी रजनी कांथन ने वीडियो वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों की समीक्षा की।

## कृषि यंत्रों पर सब्सिडी के लिए 16 तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी अपराजिता हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान (सब्सिडी) देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। समैम योजना के तहत व्यक्तिगत श्रेणी में किसान विभिन्न मशीनों के लिए 16 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों को उनकी श्रेणी के आधार पर भारी छूट दी जा रही है।उन्होने बताया कि अनुसूचित जाति, लघु, सीमांत और महिला किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

## रैली निकाल कर नशे के खिलाफ किया जागरूक

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में नशे के प्रति जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब के सौजन्य से जागरूक रैली निकाली गई। जिसका मूल उद्देश्य समाज में विशेषकर युवाओं को नशीली दवाइयों व पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाना और यह आवाज जन-जन तक पहुंचाना था।क्लब इंचार्ज रवींद्र कुमार ने विद्यार्थियों को रैली में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। रैली में विद्यार्थियों ने राजौंद की गलियों में हम सब का एक ही नारा, नशा मुक्त हो जीवन हमारा, नशा मुक्ति अपनाना है जीवन स्वर्ग बनाना है।

## गोशाला में कर्मियों को कंबल वितरित

**सीवन।** क्षेत्र की अग्रणी धार्मिक संस्था गौशाला सेवा समिति सीवन में सेवा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जहां वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर रामनाथ ने गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों को कंबल वितरित कर मानव सेवा और गौ सेवा की सशक्त मिसाल पेश की। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला में गायों के लिए हरे चारे हेतु सहयोग राशि भेंट कर गौसेवा के प्रति अपनी गहरी आस्था और समर्पण भाव को भी व्यक्त किया।

## ट्विनिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में ट्विनिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान राजकीय वमावि जाखौली के विद्यार्थियों के साथ आए रामफल, पीटीआई एवं गुरवचन गर्ग लेक्चरर का आदर्श स्कूल परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों के आगमन से उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक वातावरण देखने को मिला। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने स्वागत में कहा कि ट्विनिंग कार्यक्रम सीख साझा करने की एक सार्थक पहल है।

## विधायक ने दो करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

# स्कूलों में बेहतर व्यवस्था बनाना प्राथमिकता : जांबा

जब शिक्षा मजबूत होगी तभी आने वाला भविष्य सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड/पूंडरी

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा एवं बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विधायक सतपाल जांबा ने 2 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न स्कूलों एवं गांवों में कराए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों में कक्षा कक्षों का निर्माण, शौचालय, चारदीवारी, लाइब्रेरी, स्टाफ रूम, एक्टिविटी रूम तथा आधुनिक ई-लाइब्रेरी जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि स्कूलों में बेहतर व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका पहला कर्तव्य है। जब शिक्षा मजबूत होगी तभी आने वाला भविष्य सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा। सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में समान रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का माहौल मिल सके। शिक्षा के साथ-साथ विधायक ने ग्रामीण विकास कार्यों पर भी फोकस किया। गांव म्योली में संजू बाबा वाली गली के निर्माण व ई-लाइब्रेरी कार्य, चूहड़माजरा तथा ढांड के शमशान घाटों में विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया, जिससे ग्रामीण सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। इन विकास कार्यों के दौरान क्षेत्रवासियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने विधायक सतपाल जांबा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देकर वे पूंडरी विधानसभा को विकास की नई दिशा दे रहे हैं।


ढांड/पूंडरी। राजकीय स्कूल में विकास कार्य का शुभारंभ करते हुए विधायक सतपाल जांबा। फोटो : हरिभूमि

### इन स्कूलों में विकास कार्यों के उद्घाटन

विधायक ने जीजीएसएस स्कूल फतेहपुर में दो कमरों एवं शौचालय के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। जीजीएसएस स्कूल पाई में चारदीवारी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया तथा पीएमएसजी सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। जीएसएसएस फरल में स्टाफ रूम, लाइब्रेरी एवं एक्टिविटी रूम का निर्माण का शुभारंभ किया गया, वहीं पीएम श्री जीजीएसएसएस फरल में दो शौचालयों का निर्माण भी पूरा किया गया। इसके अतिरिक्त जीजीएचएस ढांड में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालयों एवं दो कमरों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। जीएसएस स्कूल आहूं में दो टॉयलेट व दो कमरों का निर्माण कराया गया। सलीमपुर मढ़ुद में आधुनिक ई-लाइब्रेरी तथा गांव सगरौली में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी विधायक द्वारा किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सोहन लाल वर्मा, नरेश कुमार पाई, मिथुन म्योली, साहब सिंह, कुलदीप चूहड़माजरा, जसबीर सिंह ढांड, राजबीर सिंह व जितेंद्र सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रोड इंजीनियरिंग की कमियों से न हों हादसे : डा. सुशील


कैथल। एडीसी डा. सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

- सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में एडीसी ने जारी किए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एडीसी डा. सुशील कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य सड़क हादसों में होने वाली जनहानि को शून्य पर लाना है। इसलिए सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभाग और उनके अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी सड़क पर इंजीनियरिंग की कमी के कारण हादसा न हो। सभी सड़कों की दुरूस्त किया जाए और सड़कें रोड सेफ्टी के निर्धारित पैमाने पर खरी उतरें। एडीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने एजेंडा अनुसार चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। राजौंद में चल रहे सीवरेज डालने के कार्य की समीक्षा करते जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीवरेज लाइन के कार्य को 20 फरवरी तक हर हाल में पूरा करें, ताकि पीडब्ल्यूडी विभाग जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर सके। इसी प्रकार उन्होंने कमेटी चौक (नगर परिषद कार्यालय के सामने) बार बार सड़क टूटने व पानी जमा होने की समस्या का स्थाई समाधान निकालने के लिए डीएमसी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए।

### पुलिस ने 5111 चालान कर वसूले 35 लाख

आरटीए गिरीश कुमार ने अवगत कराया कि दिसंबर माह में पुलिस द्वारा कुल पांच हजार 111 चालान किए गए और इनसे कुल 34 लाख 89 हजार 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार आरटीए विभाग द्वारा दिसंबर माह में कुल 126 वाहनों के चालान किए और उनसे कुल 40 लाख 55 हजार 100 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# कलायतः छात्राओं ने लघु नाटिका से दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलायत में लघु नाटिका के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया। महात्मा गांधी व स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन धारण करने के उपरांत यह नाटिका छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। आयोजन की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा.रामगोपाल शर्मा द्वारा की गई। लघु नाटिका से घर में प्रयोग होने वाले जल का अत्यधिक प्रयोग बारे सचेत करते हुए आम जनमानस में भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण के राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2025-20 26 के बारे में प्रेरित किया गया। डा.रामगोपाल ने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना सिर्फ सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में अपना योगदान देना चाहिए। इससे यह यह अंतरराष्ट्रीय मिशन के रूप में परिवर्तित होगा। प्राध्यापक गुरनाम सिंह ने बताया कि पृथ्वी के सभी जीवों के लिए जल एक बहुमूल्य संपदा है। इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।


कलायत। शिक्षकों के साथ जल संरक्षण पर आधारित पोस्टर दिखाती छात्राएं।

## डॉ विजय चावला ने 65वें कोर्स में पाया तीसरा रैंक

**कैथल।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने दीक्षा पोर्टल पर अपने 65 वें कोर्स में 204 अंक प्राप्त किए। इस कोर्स के माध्यम से उन्होंने जाना कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता विद्यालय शिक्षा के रूपांतरण में एक प्रमुख सक्षमकर्ता के रूप में उभर रही है। यह व्यक्तिगतकृत अधिगम, अनुकूलनशील शिक्षण, मूल्यांकन में सुधार तथा आँकड़ों पर आधारित निर्णय-निर्माण को समर्थन प्रदान करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दृष्टि तथा आधारभूत चरण के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा और विद्यालय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के शैक्षिक दृष्टिकोणों के अनुरूप, यह पाठ्यक्रम शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सार्थक और उत्तरदायी एकीकरण पर केंद्रित है।

# बच्चों को संसद में होने वाली गतिविधियां बताई

## मंडल स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

- जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष के निर्देशन में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौशाला के प्रांगण में मंडल स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष के निर्देशन में किया गया जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों बच्चों ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रोग्राम में बच्चों के द्वारा संसद में होने वाली गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में बतौर जज रविन्द्र व सोहन लाल , पर्यवेक्षक के रूप में अमरजीत , मोहम्मद सलीम ,डॉक्टर राजकुमार पीजीटी राजनीति विज्ञान ने अपनी भूमिका निभाई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन व आसपास के सभी स्कूलों के प्रिंसिपल रणवीर, सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग सिंह एसएमसी प्रधान व जिला पार्षद सहित गांव के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पक्ष की भूमिका सकीना ने और विपक्ष की भूमिका लखविंदर ने निभाई। कार्यक्रम में जज साहब ने बच्चों के कार्यक्रम को देखकर उनकी प्रशंसा की।


कैथल। मंडल स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेते अधिकारी तथा विद्यार्थी।


कैथल। विधायक आदित्य सुरजेवाला चौपाल का उद्घाटन करते हुए।

### विधायक आदित्य ने किया चौपाल का उद्घाटन

**कैथल।** शहर के वार्ड 3 में बाल्मीकी समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई। नवनिर्माणित बाल्मीकी समाज की चौपाल की चारदीवारी, शौचालयों व स्नानघरों का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। कैथल से कांग्रेस के युवा विधायक आदित्य सुरजेवाला ने गतदिवस इस चौपाल में जो उद्घाटन किया। यह परियोजना बाल्मीकी समाज और पूरे वार्ड के लिए सामाजिक एकता, धार्मिक गतिविधियों और सामुदायिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि बाल्मीकी समाज और वार्डवासियों की इस पुरानी मांग को पूरा करना मेरे लिए गर्व की बात है। सुरजेवाला परिवार की विकास कार्यों की सौगातों को आगे बढ़ाते हुए, मैं शहर के हर वार्ड के विकास कार्य में सक्रिय रहूंगा। पार्षद सोनिया देवी, धर्मेंद्र सिंह, पूर्णिमा देवी, नवीन मचल, नरेश मचल, देशराज, अमन ने धन्यवाद किया।

# स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को किया नमन

## जिला सचिवालय में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान देकर देश की आज़ादी की नींव रखने वाले अमर शहीदों की पावन स्मृति में जिला सचिवालय कैथल में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उपासना सहित कार्यालय पुलिस अधीक्षक के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रातः ठीक 11 बजे सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण किया और देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया। पूरे वातावरण में शांति और गंभीरता का भाव देखने को मिला। इस अवसर पर एसपी उपासना ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों का बलिदान देश के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि शहीदों की कुर्बानी के कारण ही आज हम एक स्वतंत्र राष्ट्र में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से अपने कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निर्वहन करने का आह्वान किया।


जिला सचिवालय में एसपी उपासना व अन्य कर्मचारी शहीदों के लिए मौन रखते।

### नाटक से किया एड्स के खिलाफ जागरूक

**पूंडरी।** ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पुंडरी के प्रांगण में चौ. तेजवीर सिंह के नेत्रत्व में हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाइटी पंचकूला व स्वास्थ्य विभाग कैथल की तरफ से संयुक्त रूप से रेड क्रॉस व रेड रिबन सेल द्वारा रोहतास पेगा एंड मंडली ने एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. वंदना नोडल ऑफिसर ने डॉ. अमिता राणा ,सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. महेश, स्वास्थ्य विभाग से अनुप कौशिक, काउंसलर राहुल मिगलानी जी और आरती एलटी का स्वागत किया। डॉ अमिता राणा ने अपने विचार साझा किए और छात्रों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक किया।नाटक के माध्यम से नशे और एचआईवी के बारे में खुलकर चर्चा की गई और छात्रों को जागरूक किया गया। इसके अलावा, इससे फैलने वाले प्रभावों, फ्री टेस्टिंग और फ्री काउंसलिंग के बारे में भी जानकारी दी ।


पूंडरी। एड्स के प्रति जागरूक करते कंट्रोल सोसाइटी व कॉलेज स्टॉफ।

## युवाओं के रोजगार के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी लाइब्रेरीः कठवाड़

# डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विचारधाराः गुर्जर

अशोक गुर्जर और मुनीष कठवाड़ ने किया लाइब्रेरी हॉल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव धौंस में डॉ. भीमराव अम्बेडकर लाइब्रेरी हॉल का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया,जिसमें हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने मुख्यातिथि और पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए विधिवत रूप से लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर डॉ. भीम राव अम्बेडकर सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी धौंस के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने अशोक गुर्जर और मुनीष कठवाड़ का फूलों की माला डालकर भव्य स्वागत कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जो आज भी वंचित, पिछड़े और कमजोर वर्गों को अधिकार, सम्मान और भागीदारी का मार्ग दिखाती है। कहा कि लाइब्रेरी हॉल के माध्यम से गांव के युवाओं को शिक्षा, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों से जोडऩे का कार्य होगा, जिससे सामाजिक जागरूकता के साथ राजनीतिक समझ भी विकसित होगी। अशोक गुर्जर ने कहा कि आज आवश्यकता है कि बाबा साहेब के विचारों को केवल भाषणों तक सीमित न रखकर उन्हें जमीन पर उतारा जाए। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज में बराबरी, भाईचारा और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण संभव है। हरियाणा की नासब सरकार बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए उनके सपनों का साकार करने में लगी है।


कैथल। भाजपा नेता अशोक गुर्जर और पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड़ लाइब्रेरी हॉल का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सराहनीय कदम

विशिष्ठ अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने कहा कि लाइब्रेरी में सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। बच्चों के उज्जवलभविष्य के लिए हरियाणा की नायब सरकार सहरानीय कदम उठा रही है। गांव सरपंच सतीश कुमार ने ग्राम पंचायत की ओर से लाइब्रेरी निर्माण में सहयोग देने वाले सभी सामाजिक संगठनों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे गांव के विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। कार्यक्रम में महन्त गुरनाम दास, गुरनाम बीबीयान, राजेंद्र कुमार, सीताराम, रामकिशन ने भी अपने विचार रखे और कहा कि सामाजिक एकता और राजनीतिक जागरूकता के बिना समग्र विकास संभव नहीं है।

## विदाई समारोह का आयोजन

**कैथल।** जिला बार एसो की ओर से सेशन जज अजय पाराशर की सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता बार एसो के कार्यकारी प्रधान हेमराज वधवा ने की। एसो के कार्यकारी प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, सहसचिव अमित रोहिला मौजूद थे।

सूचना

मैं, नेहा पत्नी श्री ओमबीर पुत्री श्री बिजेन्द्र शर्मा निवासी गांव कादमा तह. व जिला भिवानी हाल गांव गुलकनी तह. व जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड, 10वीं कक्षा के प्रमाण पत्र, में मेरे पिता जी का नाम बिजेन्द्र शर्मा दर्ज है जबकी मेरे पासपोर्ट में मेरे पिताजी का नाम बिजेन्द्र लिखा गया है। अब मैने अपना नाम नेहा पुत्री बिजेन्द्र शर्मा रख लिया है जो कि सही व सत्य है।

ग्राम पंचायत पौंकरी खेड़ी-सिरसा खेड़ी खण्ड व जिला जीन्द (हरियाणा)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव पौंकरी खेड़ी में दिनांक 10-02-2026 को सामान्य चौपाल में दोपहर 12:00 बजे सरेआम काला वाला तालाब (4 Acre) ताजा वाला तालाब (1 Acre) व दखलु वाला तालाबों की बोली 5 वर्ष हेतु पट्टे पर मछलीपालन के लिए ग्राम पंचायत द्ववारा करवाई जाएगी। जिसकी नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। जमानत राशि 25000/- रुपये ली जाएगी।

ग्राम सचिव स्वीटी
मो. 8708198842

सरपंच राजकुमार
ग्राम पंचायत-पौकरी खेड़ी
मो. 9466612428

## खबर संक्षेप

### अग्निशमन कर्मचारियों ने किया आंदोलन तेज

**कैथल।** हरियाणा के अग्निशमन विभाग में वर्षों से कार्यरत रोल पर फायरमैन व फायर चालकों पर सरकार द्वारा सर्विस सिक्योरिटी पोर्टल के बहाने हरियाणा कौशल रोजगार निगम प्राइवेट लिमिटेड में जाने का दबाव बनाए जाने के खिलाफ आज मुख्य दमकल केंद्र में कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा।

### भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने जताया शोक

**उचाना।** भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने सुदकैन खुर्द पहुंच कार्यकर्ता के यहां शोक प्रकट करने भी पहुंची। उन्होंने कहा कि उचाना हलका उनका परिवार है। हर कोई उनके परिवार का सदस्य है। निरंतर विधायक देवेंद्र अत्री लोगों की समस्याओं को सुन समाधान करने का काम करते हैं। जो वायदे किए थे उनको पूरा करते है। हलके की समस्याओं को विधानसभा में उठाकर उनका समाधान करने का काम कर रहे हैं।

### बहू मंडल की कमलेश, सास मंडल की कृष्णा बनी प्रधान

**उचाना।** देवभूमि बनभौरी में मां बनभौरी जैन स्थानक का निर्माण होगा। यहां पर मां बनभौरी जैन स्थानक कार्यकारिणी, युवक मंडल के गठन के बाद बाद महिला मंडल बनाते हुए बहू सास मंडल का गठन किया। बहू मंडल की प्रधान कमलेश देवी, सास मंडल की प्रधान कृष्णा देवी, महामंत्री किताबो देवी को चुना। हर महीने की चार तारीख को बहू मंडल, 25 को सास मंडल मां बनभौरी में कीर्तन करेंगी।

### आज होगा गुरु रविदास की प्रतिभा का अनावरण

**कलायत।** लोकसभा अंबाला के पूर्व भाजपा प्रभारी रोशन लाल जागलान ने कहा कि 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र के उमरी गांव में सरकारी स्तर पर मनाई जाने वाली संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती ऐतिहासिक होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य रूप से शिकरत करेंगे। सरकार द्वारा महान संत की जयंती पर उमरी गांव में उनकी प्रतिमा का अनावरण होगा।

### परमिंदर सैनी बने एबीवीपी के सह प्रदेश मंत्री

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा प्रांत की नवीन प्रांतीय घोषणाओं के अंतर्गत संगठन को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा परमेंद्र सैनी को प्रदेश सह मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रति उनकी निरंतर निष्ठा, समर्पण और दीर्घकालीन सक्रिय भूमिका को देखते हुए की गई है।

### राजमार्ग पर ट्रैफिक लाइट से चालक परेशान

**नरवाना।** नरवाना शहर की मध्य से गुजर रहे दिल्ली से पंजाब बार्डर तक के राष्ट्रीय राजमार्ग जो कि नरवाना शहर के मध्य से गुजर रहा है उस राजमार्ग के ऊपर स्थित ट्रैफिक लाइट का नगर परिषद द्वारा पिछले करीब 18 महीनों से बिजली बिल नहीं भरा गया था। जिसके कारण बिजली विभाग द्वारा बिल न भरने की वजह से कनेक्शन काटकर मीटर उखाड़ दिया।

---

### 1343 विद्यार्थियों में से 1279 ने दी परीक्षा, 64 विद्यार्थी गैर हाजिर

# पांच परीक्षा केंद्रों पर बुनियाद लेवल टू परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

*शिक्षा विभाग की टीमें लगातार करती रहीं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण*

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

बुनियाद लेवल 2 परीक्षा शुक्रवार को जिलेभर में पांच परीक्षा केंद्रों पर हुई। 1343 विद्यार्थियों में से 1279 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 64 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे। विद्यार्थियों को दोपहर साढ़े 12 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना था। दोपहर बाद एक बजकर 30 मिनट से लेकर पौने तीन बजे तक परीक्षा रही। परीक्षा के समय विद्यार्थियों के आधार कार्ड और एडमिट कार्ड की जांच के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा को लेकर जिलेभर में पांच केंद्र बनाए गए थे। समय-समय पर खंड शिक्षा अधिकारी व जिला विज्ञान विशेषज्ञ ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा शांतिपूर्वक रही। गौरतलब है कि बुनियाद कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार की ओर से विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम व प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किया गया कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना व उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है। विकल्प संस्थान की ओर से बुनियाद कार्यक्रम के तहत नौवीं कक्षा से ही विद्यार्थियों को जेईई व नीट के लिए तैयार करना आरंभ कर दिया जाता है। जिसके लिए नौवीं व 10वीं कक्षा में ही उन्हें नीट व जेईई की बेसिक कोचिंग दी जाती है। चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को निशुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें, टैबलेट के साथ ही सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता भी दिया जाता है। जिले में इस समय मिशन बुनियाद के तहत पांच केंद्र चल रहे हैं। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना, मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों व पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना शामिल हैं। जिसमें लगभग 200 विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रहे हैं।

**परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नीव डालना**



जींद। बुनिया लेवल टू परीक्षा देते हुए बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*



जुलाना। परीक्षा के बाद केंद्र से बाहर आते छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

#### चयनित विद्यार्थी लेवल 3 परीक्षा में भाग लेंगे

जिला विज्ञान विशेषज्ञ ने कहा कि रणधीर सिंह लोहान ने कहा कि मिशन बुनियाद योजना हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा विशेष रूप से सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सशक्त बनाने, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने व विद्यार्थियों को लक्ष्य आधारित और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। मिशन बुनियाद लेवल 2 परीक्षा में चयनित विद्यार्थी आगे मिशन बुनियाद की लेवल 3 परीक्षा में भाग लेंगे। सभी चरणों की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद कक्षा 9वीं में प्रदेशभर से लगभग चार विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा।

#### जुलाना में 171 छात्रों ने दी मिशन बुनियाद लेवल दो की परीक्षा

- 11 छात्र परीक्षा से रहे गैरहाजिर

**जुलाना।** पीएम श्री कन्या स्कूल में मिशन बुनियाद लेवल दो की परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया था। जिसमें 181 छात्रों ने लेवल दो की परीक्षा दी। पीएम श्री कन्या स्कूल के प्राचार्य सुनील सिंह नेहरा ने बताया कि स्कूल में बुनियाद लेवल दो की परीक्षा हुई। जिसमें 182 बच्चों में से 171 बच्चों ने परीक्षा दी और 11 बच्चे परीक्षा देने नहीं आए। प्राचार्य सुनील सिंह नेहरा ने बताया कि मिशन बुनियाद लेवल दो में पास होने पर छात्रों को नौवीं कक्षा में दाखिला दिया जाएगा। छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई करवाई जाएगी। दसवीं की परीक्षा के बाद सुपर 100 लेवल वन परीक्षा होगी। लेवल वन में पास हुए छात्रों को सुपर 100 लेवल टू परीक्षा देनी होगी। पास हुए छात्रों को आईआईटी और एनइटी की कोचिंग सरकार द्वारा दी जाएगी।

---



कैथल। अव्वल रहे खिलाडियों को सम्मानित करते एनआइआइएलएम के पदाधिकारी।

## प्रणय शेट्टिगार भारतीय बैड़मिंटन टीम के चयनित, 3 से 8 तक होगा टूर्नामेंट

- देश का करेंगे प्रतिनिधित्व, अजरबैजान में होंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, कैथल के लिए यह अत्यंत हर्ष और गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के बी.एससी. स्पोर्ट्स प्रथम वर्ष के छात्र प्रणय शेट्टिगार का चयन भारतीय बैडमिंटन टीम में हुआ है। वे अज़रबैजान इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो 3 से 8 फरवरी 2026 तक बाकू (अज़रबैजान) में आयोजित किया जाएगा।

प्रणय एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय, कैथल की बैडमिंटन पुरुष टीम के सक्रिय खिलाड़ी हैं।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। विश्वविद्यालय के चेयरमैन संदीप चहल, डॉ. देवेंद्र सिंह ढुल (इंचार्ज, यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन) डॉ संदीप चहल (डायरेक्टर), डॉ. आर.के. गुप्ता (डीन अकादमिक्स) तथा मीनू (बैडमिंटन कोच सह डायरेक्टर स्पोर्ट्स) ने खिलाड़ी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। चेयरमैन संदीप चहल ने विशेष रूप से मीनू को उनके मार्गदर्शन और कोचिंग के लिए बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. बलकार सिंह, डॉ. मोनू, संगीता, विष्णु दत्त, पिंकी सांगवान एवं शशिकांत भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और खिलाड़ी को शुभकामनाएं दीं।

#### विजेता सम्मानित

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के लिए एक और गर्व की बात यह रही कि बी.एससी. स्पोर्ट्स के छात्र ऋषभ ने हरियाणा राज्य हॉकी टीम में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर चेयरमैन श्री संदीप चहल एवं डॉ. देवेंद्र सिंह ढुल ने ऋषभ को सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इन दोनों उपलब्धियों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय, कैथल खेलों के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार कर रहा है।

---

## खेल परिषद चुनाव में अमित टाया बने अध्यक्ष

- टाया ने 25 मतों के बड़े अंतर से हासिल की भव्य जीत, उपाध्यक्ष पद पर रोचक रहा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय खेल परिषद के चुनाव में शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े शिक्षाविदों ने स्पष्ट बहुमत के साथ नए नेतृत्व का चयन किया। मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद घोषित परिणामों में शारीरिक शिक्षा शिक्षक अमित टाया ने अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 47 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 22 मत ही मिल सके। इस प्रकार 25 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर उन्होंने खेल परिषद की कमान संभाली। चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कुल 76 मतों में से 69 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो परिषद के प्रति सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। मतगणना के बाद जैसे ही परिणाम घोषित किए गए, समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजेता प्रत्याशियों को बधाइयों का तांता लग गया। उपाध्यक्ष पद के लिए भी मुकाबला रोचक रहा।



पूंडरी। नवनियुक्त अध्यक्ष अमित टाया के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्टाफ।

#### सुषीला बेनीवाल बनी उपाध्यक्ष

इस पद पर गीता पाणिपत की शारीरिक शिक्षिका सुषीला बेनीवाल ने 51 मत प्राप्त कर निर्णायक जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंद्वी को मात्र 18 मत मिले। 33 मतों के बड़े अंतर से मिली इस जीत को खेल परिषद के इतिहास में अहम माना जा रहा है। परिणाम घोषित होने के बाद अध्यक्ष बने अमित टाया ने सभी मतदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खेल परिषद से जुड़े प्रत्येक सदस्य ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में खेलों के समग्र विकास, खिलाड़्यों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए योजना के साथ कार्य किया जाएगा।

---

*जिला भर में बनाए गए थे पांच केंद्र*

## मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत छात्रों ने दी लेवल-2 प्रवेश परीक्षा

- लेवल-2 परीक्षा में बैठने के लिए लगभग 26,000 विद्यार्थियों ने की थी सफलता हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

मिशन बुनियाद केंद्र में पढ़ाई के लिए शुक्रवार को लेवल-2 प्रवेश परीक्षा हुई। लेवल-1 में चयनित विद्यार्थी लेवल-2 की परीक्षा दे सकते हैं। लेवल-2 में सफल होने वाले विद्यार्थियों को लेवल-3 में भाग लेने का मौका मिलेगा। लेवल-3 में सफल विद्यार्थी अंतिम रूप से मिशन बुनियाद कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। वे सत्र 2026-28 में कक्षा नौंवी व दसवीं की पढ़ाई मिशन बुनियाद केंद्रों से पूर्ण करेंगे। परीक्षा में वर्तमान समय में सरकारी स्कूलों की आठवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा में कुल 10 प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का रहा और परीक्षा कुल 50 अंकों की रही। मिशन बुनियाद की लेवल-2 परीक्षा में बैठने के लिए लगभग 26,000 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की थी। इसके तहत कैथल जिला से लगभग 1522 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। परीक्षा के लिए पूरे जिले में कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कलायत ब्लॉक से 191 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा में चयनित विद्यार्थी आगे लेवल-3 परीक्षा में भाग लेंगे।



कलायत। मिशन बुनियाद के तहत एक केंद्र पर परीक्षा देते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

---

## बांगर की बेटी रिद्धिमा कौशिक ने देश का नाम किया रोशन: देवेंद्र अत्री

- रिद्धिमा ने किक लाइट 55 किग्रा व 60 किग्रा में नंबर 1 रैंक हासिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि बांगर की बेटी रिद्धिमा कौशिक ने वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग आग्रेनाइजेशन द्वारा जारी की वर्ल्ड रैंकिंग में रिद्धिमा कौशिक ने नंबर एक रैंकिंग पाई है। इस उपलब्धि पर विधायक ने रिद्धिमा कौशिक के साथ-साथ उसके दादा ओमप्रकाश भौंगरा, पिता सुरेंद्र कौशिक सहित पूरे परिवार को बधाई देते हुए कहा कि बांगर की बेटी ने देश का नाम विदेशों में रोशन करने का काम किया है। रिद्धिमा कौशिक ने साबित कर दिया कि बेटी आज बेटों से कम नहीं है। मात-पिता, क्षेत्र का नाम आज बेटी शिक्षा, खेल के क्षेत्र में रोशन करने का काम कर रही है। विधायक ने कहा कि रिद्धिमा कौशिक ने किक लाइट 55 किलोग्राम, किक लाइट 60 किलोग्राम में नंबर 1 रैंकिंग प्राप्त करने का काम किया है।



देवेंद्र चतरभुज अत्री विधायक।

#### रिद्धिमा 1 नंबर रैंकिंग प्राप्त करने वाली पहली खिलाड़ी

*अबतक इस रैकिंग में भारत के किसी खिलाड़ी ने नंबर 1 रैंकिंग प्राप्त नहीं की। बेटी ने ये उपलब्धि प्राप्त करके पूरी दुनिया में बांगर, उचाना, हरियाणा, भारत देश का नाम रोशन करने का काम किया है। रिद्धिमा अलग-अलग वर्गों में नंबर 1 रैंकिंग प्राप्त करने वाली भारत देश की पहली खिलाड़ी बनी। बेटी निरंतर बेहतर करते हुए भारत का नाम यूं ही रोशन करें कामना भगवान से करते है।*

---

## पब्लिक हेल्थ में घोटाले की जांच के लिए मिली अनुमति

- शिकायतकर्ता राधेश्याम प्रजापति को विभागीय रिकॉर्ड निरीक्षण की अनुमति दी

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा के कैथल सर्कल कार्यालय की एक शिकायत की जांच के कलायत निवासी शिकायतकर्ता राधेश्याम प्रजापति को विभागीय रिकॉर्ड निरीक्षण की अनुमति दी गई है। विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी हरियाणा द्वारा इस संबंध में मेमो नंबर 7650-52 पीएचई/सीई(वर्कस) के तहत जारी आदेशों के अनुसार राधे श्याम प्रजापति जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैथल स्थित सर्कल कार्यालय में 9 से 11 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे के बीच रिकार्ड का निरीक्षण कर सकेंगे। निरीक्षण कार्य कार्यकारी अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डिवीजन नंबर 1 व 2 कैथल के कार्यालय में होगा। मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है। इसमें कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए गए हैं कि वे रिकॉर्ड निरीक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।


Through email / Whatsapp
Memo. No.7650-52-PHE/CE(Works) dated 28.01.2026
Subject :- Enquiry No. E-03 of 2026

कलायत। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के चीफ विजिलेंस आफिसर कार्यालय द्वारा जारी पत्र की प्रति।

#### 11 अधिकारियों व 7 ठेकेदारों पर आरोप

विजिलेंस ने यह कार्रवाई शिकायतकर्ता की मांग पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से करने का निर्णय लिया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के लिए यह निरीक्षण कार्यवाही एक बड़ी परीक्षा साबित होने जा रही है। क्योंकि पहली बार इस प्रकार विभाग के 11 अधिकारियों व 7 ठेकेदारों पर विभिन्न कार्यों के जरिये करोड़ों के भ्रष्टाचार के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए विभाग की विजिलेंस ने इस प्रकार निरीक्षण का खुला अवसर शिकायतकर्ता को प्रदान किया है। इसके जरिये शिकायतकर्ता राधेश्याम प्रजापति अपनी मांग अनुसार रिकार्ड से दस्तावेज साक्ष्य के तौर पर प्राप्त कर सकेंगे। जबकि सामान्य तौर से इस प्रकार रिकार्ड खंगालने के लिए किसी शिकायतकर्ता को कभी अवसर नहीं मिल पाता। जांच के लिए शिकायतकर्ता को एक-एक कागज की तलाश के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

---

## पटवारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

- छह पटवारियों को सस्पेंड करने के विरोध में जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

दी रेवेन्यु पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन ने राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर पटवार भवन में पटवारियों व कानूनगो ने शुक्रवार को धरना दिया। प्रधान सर्वेश पटवारी व सचिव विकास पटवारी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फोटो अपलोड करने के विषय में छह पटवारियों को सस्पेंड करने के विरोध में एक दिन का सांकेतिक धरना दिया। सांकेतिक धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सर्वेश पटवारी ने की। मंच संचालन नरेश ढांडा ने किया। राज्य कोषाध्यक्ष सन्नी पटवारी ने कहा कि सरकार द्वारा पटवारियों को संस्पेड करने की कार्रवाई की वह निंदा करते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द पटवारियों को बहाल किया जाए।




जींद। मांगों को लेकर धरना देते हुए पटवारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### सर्व कर्मचारी सघं ने दिया समर्थन

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर पटवारियों के सांकेतिक धरने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अगर दो दिन के अंदर सरकार ने निलंबित पटवारियों को बहाल नहीं किया तो दो से चार फरवरी तक सांकेतिक धरना बढ़ा दिया जाएगा। इसके चलते आमजन को होने वाली परेशानी के लिए प्रदेश सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी।

---

### निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचे विधायक देवेंद्र हंस

## सोसायटी बैंक रोड निर्माण की जांच तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन

सोसायटी बैंक रोड निर्माण कार्य में संभावित अनियमितताओं की शिकायतों के बाद जांच प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए विजिलेंस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। इस दौरान हलका विधायक देवेंद्र हंस स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरी जांच प्रक्रिया पर नजर रखी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नियमों के अनुसार की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या दबाव को स्वीकार न किया जाए। निरीक्षण के दौरान विधायक देवेंद्र हंस ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई सामग्री, गुणवत्ता मानकों, तकनीकी मानदंडों तथा खर्च की गई राशि से जुड़े सभी रिकॉर्ड की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे का सही उपयोग करना प्रशासन जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच में गड़बड़ी,नियमों की अनदेखी सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



सीवन। सोसायटी बैंक रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण करते विधायक देवेंद्र हंस, विजिलेंस टीम व अन्य अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था है प्राथमिकता: विधायक

जांच के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा उठाई गई शिकायतों और सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया। विधायक ने विजिलेंस टीम को निर्देश दिए कि लोगों द्वारा बताए गए सभी बिंदुओं को जांच रिपोर्ट में शामिल किया जाए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। देवेंद्र हंस ने कहा कि क्षेत्र में पारदर्शी विकास और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यदि किसी विकास कार्य में अनियमितता की शिकायत सामने आती है तो वे स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे की सुरक्षा करना उनका नैतिक और संवैधानिक दायित्व है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पाली सैनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर क्षेत्र के काफी लोग भी मौजूद रहे।